हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 16 अक्टूबर, 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 31.9 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री

02 लीज का छठा फेस शुरू होने से टाउनशिप में कब्जे की समस्या ...
08 आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम, 4 साल पहले शुरू ...





SHRI KHATU SHYAM JYOTISH

15 वर्षों से आपकी सेवा में




जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-




पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान

जन्म पत्रिका बनाई जाती है
- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

## खबर संक्षेप

### मॉनिटरिंग समिति की बैठक 16 को

दुर्ग। अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1995 एवं संशोधित नियम 2016 योजना अंतर्गत जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की समीक्षा बैठक 16 अक्टूबर को सायं 5.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### ग्रामीण साहू संघ डुंडेरा के संजय निर्विरोध अध्यक्ष बने चुने गए

उतई। डुंडेरा के साहू संघ का चुनाव अक्टूबर को सम्पन्न हुआ। तीन पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। विषम परिस्थिति में उपाध्यक्ष पुरुष और संगठन सचिव महिला पदाधिकारी के पद पर चुनाव की स्थिति बनी। अध्यक्ष संजय साहू, संगठन सचिव धीरज साहू और उपाध्यक्ष टामीन साहू निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए।उपाध्यक्ष जीनत साहू संगठन सचिव महिला पद पर अनीता साहू ने जीत हासिल की ।

### परिचय सम्मेलन 9 नवंबर को

दुर्ग। जिला साहू संघ दुर्ग का 34 वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन 9 नवंबर को प्रातः 11 बजे से गोंडवाना भवन दुर्ग में आयोजित किया जाएगा। जिसमें विवाह योग्य युवक युवतियों द्वारा वैवाहिक पत्रिका परिचायिका में अपना पंजीयन कराने के लिए प्रतिभागी द्वारा पंजीयन पत्र व ऑफ लाइन अथवा ऑनलाइन पंजीयन किया जा सकता है। परिचय सम्मेलन के दिन मांगलिक पत्रिका परिचायिका का विमोचन भी किया जाएगा।

### किसान कांग्रेस ने दिया धरना, पोर्टल में पंजीयन की तारीख बढ़ाने सौंपा

# पहले खाद व डीएपी ने चक्कर लगवाए फिर बिल ने रुलाया, अब पंजीयन ने बढ़ाई परेशानी

**शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तारीख बढ़ाने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

प्रदेश में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होना है लेकिन अब तक सभी किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है। पहले डीएपी और खाद को लेकर परेशान किसान के सामने नया संकट धान बेचने के लिए पंजीयन करना हो गया है। इस समस्या को लेकर बुधवार को किसान कांग्रेस ने एक दिवसीय धरना दिया। इसके बाद शासन-प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के साथ धोखेबाजी कर रही है। अब तक एग्रो स्टेक पोर्टल में 65% किसानों का पंजीयन ही नहीं हुआ है। किसान अपनी फसल धान को बेचने के लिए पंजीयन करने हेतु परेशान हो रहे हैं, भाजपा सरकार और उनके अधिकारी लापरवाह बनकर किसानों को प्रताड़ित कर रहे हैं। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में 3100 रुपए में 21 क्विंटल धान की खरीदी का वादा किया था। पिछले वर्ष भी किसानों को एक मुश्त पैसे नहीं दिया गया। पिछले वर्ष में धान के समर्थन मूल्य में 117 रुपए का इजाफा हुआ। इस वर्ष 69 रुपए का समर्थन मूल्य बड़ा कुल टोटल 186 रुपए को घोषणा के 3100 रु में बढ़ाकर किसानों को देना है। मगर सरकार ना तो समर्थन मूल्य बढ़ा रही है ना ही किसानों के धान खरीदना चाह रही है। प्रदर्शन के दौरान रिसाली महापौर शशि सिन्हा, पूर्व विधायक अरुण वोरा, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर, रिवेंद्र यादव, देवेंद्र देशमुख, टिकेश्वर लाल देशमुख, योगिता चंद्राकर, राजीव गुप्ता, प्रहलाद वर्मा, दीपांकर साहू, कृष्ण देवांगन, नंदकुमार सेन सहित अन्य मौजूद थे।




### बिजली बिल में बढ़ोत्तरी से जनता बेहाल अब किसान परेशान

अरुण वोरा ने कहा कि भाजपा की सरकार कभी किसान हितैषी सरकार नहीं रही। किसानों को पहले महंगे खाद, डीएपी लेने पड़े, अब पंजीयन के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जनता बिजली बिली में बढ़ोत्तरी से पहले ही परेशान है। पहले जहां 400 रुपए बिजली का बिल आता था, अब 1400 आ रहा है। पिछले सप्ताह दुर्ग कलेक्ट्रेट में एक किसान द्वारा आत्मदाह का प्रयास किया ये उदाहरण है सरकार के प्रति किसानों की नाराजगी का। पूर्व की भूपेश सरकार ने किसानों का 75000 करोड़ का कर्ज माफ किया। वर्तमान सरकार अपने उद्योगपति मित्रों को जंगल जमीन, खनिज बेच कर उनको फायदा पहुंचा रही है।

### एग्री स्टेक पोर्टल में शुरू से खामी फिर भी थोपा जा रहा, जल्द सुधार कराए शासन

पुकेश चंद्राकर ने कहा कि एग्री स्टेक पोर्टल में शुरू से खामी रही है। केवल 35% किसानों का धान बेचने के लिए पंजीयन हो पाया है। उन्होंने मांग की एग्रो स्टेट पोर्टल की खामी को तत्काल सुधार किया जाए। उसके पंजीयन की अंतिम तिथि को बढ़ाया जाए। उसकी खामी दूर नहीं होती तो पूर्व की तरह मैन्युअल में किसानों का पंजीयन किया जाए। अगर इसका समाधान नहीं हुआ तो प्रदेश के अन्नदाता किसान 3100 रु में धान बेचने से वंचित हो जाएंगे। ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी की धान खरीदी के शुरू होने से पहले इसमें सुधार किया जाए और 2 साल के बड़े हुए समर्थन मूल्य को शामिल किया जाए नहीं तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी ।

## वैशाली नगर में हाथों हाथ बढ़ चली है विधायक रिकेश की शक्ति योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



वैशाली नगर विधानसभा में महिलाओं के लिए शक्ति योजना में हर रोज सैकड़ों महिलाएं पंजीयन करवा रही हैं। एमएलए रिकेश सेन द्वारा अपनी विधानसभा क्षेत्र में प्रारंभ की गई इस योजना से शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण, स्व रोजगार सहायता, बचत योजना, कम्प्यूटर प्रशिक्षण सहित अनेक लाभ कामकाजी महिलाओं को मिलेगा।
योजना में ऐसी महिलाएं जो दूसरे घरों में झाड़ू पोंछा और बर्तन साफ करने का कार्य करती रही हैं उन्हें इस योजना से जोड़ा जा सकता है। घरेलू कार्य करने वाली श्रमिक महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में विधायक रिकेश सेन की शक्ति योजना के पहले ही दिन सैकड़ों महिलाएं रजिस्ट्रेशन करवा चुकी हैं। योजना के तहत फार्म जमा कर अक्टूबर महीने तक पंजीयन किया जा सकेगा। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर विधायक की शक्ति योजना के तहत पंजीयन शुरु हो चुके हैं। शांति नगर विधायक कार्यालय से अब तक 5 हजार महिलाएं फार्म ले जा चुकी हैं। प्रतिदिन सैकड़ों महिलाएं इस योजना से खुद को जोड़ रही हैं।

**गृह उद्योग और हस्तशिल्प में बढ़ेगी भागीदारी:** शक्ति योजना से पंजीकृत स्वरोजगार के लिए इच्छुक महिलाओं को ऋण और आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। घरेलू उद्योग और हस्तशिल्प कार्यों में प्रशिक्षण देकर महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा।

## कमलेश सोरी केंद्रीय गोंड़ महासभा धमधागढ़ के बने अध्यक्ष

दुर्ग। केंद्रीय गोंड़ धमधागढ़ का निर्वाचन हुआ। समाज के मतदाताओं के लिए 16 जिलों में मतदान केन्द्र जिला- दुर्ग, रायपुर, कवर्धा, महासमुंद, गरियाबंद, बेमेतरा, मुंगेली, बिलासपुर, राजनांदगांव, खैरागढ,मोहला मानपुर, धमतरी,कांकेर, कोंडागांव, जगदलपुर,बालोद को बनाया गया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा 16 जिलो के लिए शांतिपूर्ण मतदान हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे। जिसमे अध्यक्ष पद लिए 2 उम्मीदवार कमलेश शोरी व मदन सिंह ठाकुर चुनाव मैदान मे थे। जिसमे गरियाबंद निवासी कमलेश शोरी केंद्रीय गोड महासभा धमधागढ के अध्यक्ष पद पर भारी मतो से निर्वाचित हुए। उनके अध्यक्ष पद निर्वाचित होने से सामाजिक एवं पदाधिकारी गण जिवराखन मरई, अशोक कंगाली, इंजिनियर दिनेश नेताम, बसंत नेताम, डां कृपाराम ठाकुर, पारस मंडावी, तोरण कुंजाम, ऋषि ठाकुर, रामनारायण ठाकुर, लाल सिंह उइके, डेहर लाल ध्रुवे,सहित अनेक सामाजिक पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी ।



## पोषण माह : शिविर में महापौर ने किया तीन बच्चों का अन्नप्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जांबुलकर के दिशा-निर्देश एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग शहरी द्वारा परियोजना स्तरीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत पोषण जागरूकता शिविर का आयोजन वार्ड 40 सिविल लाइन सामुदायिक भवन में किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत महापौर अलका बघमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

- बच्चों को जंक फूड से दूर रखने की अपील

महापौर ने कहा कि गर्भवती और शिशुवती महिलाओं के साथ बच्चों के समुचित विकास के लिए संतुलित आहार और मिलेट्स का सेवन बेहद जरूरी है। उन्होंने उपस्थित जनों से बच्चों को जंक फूड से दूर रखकर मिलेट्स से बने पौष्टिक व्यंजन जैसे नूडल्स, इडली, डोसा आदि को आहार में शामिल करने की अपील की। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक श्वेता उत्तम सिंह, सीपी चंद्राकर, भावना निकल्स, सीमा मिश्रा, सुश्री रेखा नेताम, शशि मानिकपुरी, सुश्री दीपमाला, चुरेंद्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।



### बच्चों को मोबाइल से रखें दूर, अपनाएं गतिविधियां

महापौर ने कहा कि आज के समय में बच्चों में बढ़ती मोबाइल की लत से बचाव के लिए उन्हें खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम में एमआईसी मेंबर महिला एवं बाल विकास विभाग शशि द्वारका साहू, शसरिता चंद्राकर और पार्षद मनीष कोठारी, विनोद चंद्राकर उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों की सराहना की।

### तीन गर्भवती माताओं की गोदभराई

शिविर में तीन गर्भवती महिलाओं नेहा यादव, थानेश्वरी साहू और हिना बघेल की गोदभराई संस्कार किया गया। वहीं तीन बच्चों सागर, नमन और नेमत का अन्नप्राशन संस्कार सम्पन्न हुआ। परियोजना अधिकारी अनिता सिंह ने कार्यक्रम में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 की थीम और उद्देश्य के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। पर्यवेक्षकगणों द्वारा पोषण आहार, महतारी वंदन योजना के नए ई-केवाईसी अपडेट, फेस रिकॉग्निशन सिस्टम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और विभागीय अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

## झीटकाटोला में चिकित्सा शिविर, 54 ग्रामीणों की जांच

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा कलवर खदान क्षेत्र के झीटकाटोला ग्राम पंचायत में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ एनीमिया और सिकल सेल एनीमिया की भी जांच की गई। 54 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया एवं मरीजों को आवश्यक दवाइयाँ निःशुल्क प्रदान की गईं। इस अवसर पर महाप्रबंधक शिवराजन, उप प्रबंधक कमल वर्मा, बुधेलाल तथा राजहरा माइंस की ओर से प्रवीन राय उपस्थित थे। माइंस हॉस्पिटल से डॉ. पांडेय और जिला चिकित्सालय कांकेर की ओर से आए नर्सिंग स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया।

## कुर्की कार्रवाई से बचने बकायादारों ने जमा कराया 3.65 लाख रुपए

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कुर्की की कार्रवाई हेतु टीम गठित की गई है। जो भी पूर्व बकाया संपत्ति कर जमा नहीं कर रहे हैं, ऐसे जमीन, मकान एवं दुकान मालिकों के खिलाफ राशि वसूली हेतु कार्रवाई लगातार जारी है। जोन 1 नेहरू नगर स्थित वार्ड 10 लक्ष्मी नगर मार्केट में समय देने के बावजूद भी टैक्स नहीं जमा करने वाले के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की गई। कुर्की की नोटिस जारी करने पश्चात कुर्की से बचने के लिए मकान मालिकों के द्वारा 14 अक्टूबर को 3,65,980 रुपए निगम कोष मे जमा किया गया है। 30 हजार रूपए ऑनलाइन जमा करने पर पूर्व में सील किए गए दुकान का सील खोला गया और मकान मालिक को सुपुर्द किया गया। शेष राशि के लिए कुछ दिन का समय मांगा गया है। कारवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी एवं राजस्व टीम उपस्थित रहे। जोन 1 स्मृति नगर में पूर्व बकाया संपत्ति कर वसूली की कार्रवाई करते हुए 13 अक्टूबर को 3 लाख रुपए जमा कराया गया है।



## आवासीय बोर को बना दिया राजस्व का जरिया



भिलाई। जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के प्रवक्ता एंव हुडको संघर्ष समिति के संयोजक जावेद खान ने कहा कि दुर्ग रजिस्ट्री कार्यालय द्वारा आवासीय परिसरों में स्थित साधारण बोर, ट्यूबवेल पर 85,000 वसूलना खुली लूट और आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ है।

हाल ही में वरिष्ठ उप पंजीयक कार्यालय द्वारा नजूल विभाग से प्राप्त मूल्यांकन प्रतिवेदन में बोरिंग का 85,000 शुल्क मार्केट वैल्यू में जोड़कर स्टाम्प ड्यूटी तय की गई है। जबकि ट्यूबवेल का मूल्य केवल कृषि भूमि में ही जोड़ा जाता है, और यह व्यवस्था केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड, छत्तीसगढ़ द्वारा अनुमोदित है। उन्होंने कलेक्टर दुर्ग को ज्ञापन देकर इस मामले में तत्काल जांच और पारदर्शी स्पष्टीकरण की मांग की है।

उन्होंने कहा कि आवासीय परिसर के बोर केवल घरेलू जरूरत के लिए होते हैं, न कि कृषि या व्यावसायिक उपयोग के लिए। ऐसे में उन पर शुल्क लगाना जनता के साथ अत्याचार और उगाही का तरीका है। कभी होम विजिट शुल्क 1200 से बढ़ाकर 25000 कर दिया जाता है, तो अब आवासीय बोर पर 85,000 की नई लूट शुरू कर दी गई है। यह सब आम नागरिकों की जेब पर सीधा प्रहार है।

**एक दिवसीय स्वच्छता कैंप का आयोजन** : दुर्ग। सेठ आर सी एस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवको द्वारा 15 अकटूबर को पंचशील नगर नयापारा में एक दिवसीय स्वच्छता कैंप का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शा चन्द्रशेखर आजाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण की सफाई कर छात्रों को स्वच्छता का संदेश दिया गया ।

## धान खरीद के बाद सरकार ने नहीं दिया मंडी शुल्क, एक हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग




राज्य सरकार ने पिछले साल राज्य के किसानों से लगभग एक करोड़ पचास लाख टन धान की सरकारी खरीद की थी। इसके लिए सरकार को प्रदेश के संबंधित कृषि उपज मंडी समितियों को 5-6 सौ करोड़ रुपए मंडी एवं अन्य शुल्क के लिए भुगतान किया जाना है, किन्तु राज्य सरकार ने आज एक साल तक भी संबंधित मंडी समितियों को शुल्क का भुगतान नहीं किया गया है। इसके पूर्व की कांग्रेस सरकार ने भी पूर्व के सालों में धान की सरकारी खरीद की थी, जिसके लिए संबंधित मंडी समितियों को शुल्क का भुगतान नहीं हुआ है।
इस प्रकार मंडी समितियों को सरकार से लगभग एक हजार करोड़ रुपए शुल्क के रूप में मिलना बाकी है। भाजपा सरकार ने पिछले साल दुर्ग जिले से धान की सरकारी खरीद की था, जिसके लिए अकेले कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग को राज्य सरकार से लगभग 25 करोड़ रुपए शुल्क के रूप में लेना बाकी है। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के संयोजक एड राजकुमार गुप्त ने बताया कि मंडी समिति किसानों की समिति होती है। धान खरीदी के करोड़ों रुपए शुल्क का भुगतान नहीं करके वर्तमान भाजपा और पूर्व के कांग्रेस सरकार ने राज्य के किसानों को आर्थिक चोट पहुंचाई है।

इससे ऐसा प्रतीत होता है कि किसान दोनों सरकारों की प्राथमिकता में नहीं है। करोड़ों रुपए शुल्क का भुगतान नहीं होने से मंडी समितियों की आर्थिक स्थिति जर्जर हो गई है। राज्य सरकार ने इस साल धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू करने का ऐलान किया है। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन ने राज्य सरकार से मांग की है। खरीदी शुरू होने से पहले मंडी समितियों को बकाया शुल्क की राशि का भुगतान संबंधित मंडी समितियों को किया जाये।

### मंडी समितियों में चुनाव नहीं होने से चल रही भर्राशाही, शिकायत

राजकुमार गुप्त ने कहा कि पिछले अनेक वर्षों से राज्य सरकारों ने कृषि उपज मंडी समितियों का चुनाव नहीं कराया है। किसानों को मंडी समितियों में चुने जाने के अधिकार से वंचित रखा गया है। इसके लिए भाजपा की वर्तमान और पूर्व की कांग्रेस सरकार दोनों ही जिम्मेदार हैं। मंडी समितियों में या तो सरकार अपने लोगों को अध्यक्ष नामित करते हैं। अथवा जिला कलेक्टर को प्राधिकृत अधिकारी बनाया जाता है जो मनमाने ढंग से मंडियों को संचालित करते हैं। मंडी समितियां भ्रष्टाचार का अड्डा बन गए हैं। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन ने राज्य सरकार से मंडी समितियों का चुनाव शीघ्र कराने और किसानों को उनके अधिकार देने की मांग की है।

**बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा** : उतई। गोंडवाना विकास समिति उतई द्वारा बुढादेव मंदिर में शनिवार शाम को बैठक आयोजित की गई जिसमें उतई में सभी मोहल्ले में आदिवासी का महापर्व ईशर गौरा गौरी पर्व मनाने एवं एक दिन एवं एक साथ फुल कुचरनी कार्यक्रम दिन 15 अक्टूबर को शुरुआत की जायेगी।

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.
आज ही गारंटी से इलाज कराएँ.
पुलगाँव चौक, महालक्ष्मी मार्केट शॉप नं.C11 दुर्ग, मो. 7869433660, 9399486858

श्रद्धांजली



स्व. राजदीप साहू

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र राजदीप साहू का निर्वाण 10/10/2025 शुक्रवार को हो गया है, जिसका दशगात्र का कार्यक्रम 16/10/2025 गुरुवार को रखा गया है।
अतः आप सभी पधारकर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करे ।

शोकाकुलः-
रेवती साहू (मां), डामिनी साहू (पत्नी)
डिशानी साहू (पुत्री), नेत्रव्य साहू (पुत्र)
ज्योति साहू (बहन), भारती-तुलाराम साहू (दीदी-जीजाजी)
सोमांशु, भास्कर (भांजा) एवं समस्त सोनबोईर परिवार

-विनीत-
राजकुमार साहू
लल्ला (पिता)

पता- हसदा पोस्ट हिर्री जिला-दुर्ग (छ.ग.), मो. 9179797949, 9399144858
नोटः जिन्हें यह शोक संदेश प्राप्त न हुआ हो कृपया इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।

## पावर हाउस लाल मैदान का नहीं हटा अब तक पंडाल

**आयुक्त ने हटाने दिए निर्देश, कार्रवाई के लिए चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन 3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत पावर हाउस फटाका दुकान, लाल मैदान, सुलभ शौचालय सहित सेक्टर 2 छठ तालाब का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया।

- छठ तालाबों का भी किया निरीक्षण

निगम आयुक्त पावर हाउस जी. ई. रोड किनारे अस्थाई फटाका दुकान का अवलोकन किया । स्थल का निरीक्षण करते हुए स्थल पर सुगम यातायात व्यवस्था हेतु बोर्ड लगाया गया। समीपस्थ लाल मैदान मे नवरात्रि पर्व ख़त्म होने के बाद भी पंडाल हटाया नहीं गया है। त्यौहारी सीजन मे वाहन पार्किंग की व्यवस्था लाल मैदान मे ही किया जाना है, इस हेतु शीघ्र पंडाल हटाने निर्देशित किया गया है। पावर हाउस मे फल ठेला संचालकों द्वारा सुलभ के रूम में समान रखे हुए थे, जिसे मौके पर हटवाया गया। आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए सेक्टर 2 तालाब के साफ सफाई का अवलोकन किया गया। सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसका जयंती स्टेडियम स्थल निरीक्षक आयुक्त द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, श्याम ठाकुर उपस्थित रहे ।



HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### राज्य स्तरीय कबड्डी के लिए खिलाड़ियों का आज होगा चयन

**दुर्ग।** दुर्ग नगर कबड्डी संघ के तत्वावधान में बालक, बालिका सब-जूनियर राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 16 अक्टूबर को शाम 4 बजे से शीतला मिनी स्टेडियम शिक्षक नगर में खिलाड़ियों का चयन होगा। इस चयन परीक्षण में दुर्ग नगर क्षेत्र के सभी योग्य बालक खिलाड़ी, जिनकी जन्मतिथि 9 नवंबर 2009 या उसके बाद की है।शारीरिक वजन 60 किलोग्राम या उससे कम हो। भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल पहचान पत्र, आधार कार्ड, 4 पासपोर्ट साइज फोटो, खेल किट लाना अनिवार्य किया गया है। संघ के अध्यक्ष रामदास यादव, सदस्य प्रीतम कुमार ने बताया कि चयनित खिलाड़ी आगामी 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब-जूनियर बालक, बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होंगे। प्रतियोगिता 25 से 27 अक्टूबर के मध्य गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में होनी है।

**निधन**

### अनारकली देवी

**भिलाई।** मकान नंबर 10 बी, सड़क 3, सेक्टर 1 निवासी



अनारकली देवी 85 वर्ष का निधन 14 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 अक्टूबर को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अमृतलाल कुशवाहा की पत्नी, अशोक कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, सुशील व सुधा कुशवाहा की मां थीं।

## सैकड़ों जर्जर आवासों की नहीं हो रही मरम्मत

# लीज का छठा फेस शुरू होने से टाउनशिप में कब्जे की समस्या से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में बढ़ती दोतरफा आवासीय समस्या को देखते हुए एक बार फिर लीज का छठा फेस शुरु किए मांग उठ रही है। जल्द सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों और रिटायर कर्मियों को इससे लाभ मिलेगा।

इस मुद्दे को लेकर जल्द ही यूनियनें प्रबंधन से मिलकर मांग करेंगी। उल्लेखनीय है कि बीस साल बीएसपी द्वारा पांच फेस में बीएसपी के हजारों आवासों को लीज पर आवंटित किया था। वर्गफुट के हिसाब से आवास के रेट निर्धारित कर बीएसपी कर्मियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 45 सौ मकान लीज के तहत बेचे गए थे। आवासहीन आगे आवास खरीद पाते, इसके पहले ही आवासीय योजना पांच चरण के बाद बंद हो गई। इसके बाद से यानी पिछले बीस साल से जरुरतमंद बीएसपी कर्मी व रिटायर कर्मी सेल के छठे फेस का इंतजार कर रहे हैं। यूनियनों के मुताबिक राजनीतिक दल और बड़े नेता हर चुनाव के पूर्व यह मुद्दा उठाते हैं लेकिन अब तक आवासीय लीज का छठा फेस नहीं लाया गया है। इसके चलते आवासहीन कर्मियों को मकान के लिए तरसना पड़ रहा है वहीं बीएसपी प्रबंधन को भी टाउनशिप के मकानों को लेकर कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। टाउनशिप में जर्जर मकानों के चलते कर्मचारियों और अधिकारियों को अच्छे मकान नहीं मिल रहे हैं वहीं पेशेवर कब्जाधारियों के सैकड़ों मकानों में बेजा कब्जे से बीएसपी को नुकसान और अराजकता की समस्या लाइलाज हो चली है। यूनियनों के मुताबिक आवासीय लीज का छठा फेस शुरु होने से इन दोनों समस्याओं से निजात मिल जाएगी। हजारों मकान बिकने से सेल को राजस्व के रुप में एक बड़ी राशि मिलेगी।

### अतिक्रमण से कर्मियों को नहीं मिल रहे अच्छे आवास



### साठ साल पुराने हैं आवास

टाउनशिप के आवास साठ साल पुराने होने से अधिकतर जर्जर हो चले हैं। विभिन्न सेक्टरों में सैकड़ों मकानों को प्रबंधन ने अनफिट घोषित किया हुआ है। करीबन 32 हजारों मकानों में लीज पर आवंटित मकानों के अलावा रिटेंशन, थर्ड पार्टी अलाटमेंट आवास भी हैं। लगभाक 16 हजार आवासों में बीएसपी कर्मचारी व अधिकारी निवासरत हैं। यूनियनों के मुताबिक बीएसपी इन मकानों का संधारण कर रही है और न ही नए मकान ही बना रही है। इससे आवासों में कर्मियों को टूटफूट, गटर बाथरुम जाम आदि समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों को अच्छे मकान नहीं मिलने से बाहर रहने मजबूर होना पड़ रहा है।

### बेजा कब्जे से चौतरफा नुकसान

टाउनशिप में सैकड़ों जर्जर व अनफिट मकानों में अवैध कब्जे की समस्या बनी हुई है। बीएसपी के अवैध कब्जा हटाओ मुहिम के चलाने के बाद भी समस्या जस की जस है। पेशेवर कब्जाधारियों द्वारा सैकड़ों आवास कब्जे में उठा रखने से टाउनशिप में भारी अराजकता का माहौल है। एटक के महासचिव वीके सोनी बताते हैं कि लीज का छठा फेस शुरु होने से कब्जों से मुक्ति के साथ मकान बिकने से करोड़ों रुपए की सेल को आय होगी। वहीं आवासहीन बीएसपी कर्मियों व रिटायर कर्मियों को आवास मिल सकेंगे।

### पौधारोपण के बाद स्कूल में दिया न्यौता भोज

**उतई।** नगर पंचायत उतई के उपाध्यक्ष शिवनारायण देखमुख के जन्मदिन के शुभ अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया। पीएम श्री स्कूल आदर्श नगर में स्कूली बच्चों के साथ न्योता भोज करने के बाद रेस्ट हाउस उतई में पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर सरस्वती साहू, महामंत्री प्रवीण यदु, चंदू देवांगन, द्वारिका साहू, सुखित यादव आदि उपस्थित थे।

## विद्यार्थी मोबाइल में समय बर्बाद ना कर पंच लक्षण का पालन करे : स्वामी नरेंद्र देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर





सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में स्वामी नरेन्द्र देव महाराज का विशेष व्याख्यान शनिवार को हुआ। ''तन और मन का साधना है योग'' विषय पर बोलते हुए योग गुरु स्वामी रामदेव महाराज के शिष्य और संयोजक, छत्तीसगढ़ पतंजलि संगठन, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार स्वामी नरेन्द्र देव ने कहा कि कहा कि मोबाइल में समय बर्बाद करने वालो को मंजिल नहीं मिलती।

- सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में विशेष व्याख्यान का आयोजन

विद्यार्थी काक चेष्टा बको ध्यानम श्वान निंद्रा तर्थेव च अल्पाहारी गृह त्यागी विद्यार्थी पंच लक्षणम के मूल मंत्र को अपनाएं और पढ़ाई में ऐसा स्वर्णिम इतिहास रचे कि मोबाइल और गाड़ी आपका चक्कर लगाए।

इस अवसर पर पतंजलि समिति दुर्ग जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल अतिथि दीर्घा में मंचासिन रहे। मंच पर पतंजलि योगसन राज्य प्रभारी जयंत भारती, जिला प्रभारी नरेंद्र पटेल योगासन स्पोर्ट्स जिला अध्यक्ष उद्धव साहू, पाटन ब्लॉक प्रभारी लालाराम वर्मा ,74 वर्षीय हैरत अंगेज योगासन विधा विशेषज्ञ तुलाराम वर्मा, ब्लॉक योग समिति संरक्षक आसकरण जैन, विद्यालय अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, अंतराष्ट्रीय योग खिलाड़ी धीरेन्द्र वर्मा मंचासिन रहे। स्वामी जी द्वारा बताए गए बातों का तुरंत प्रस्तुति करण करने पर छात्र साहिल साहू जामगांव आर को पुरस्कृत किया गया। योग शिक्षक रामवतार चंद्राकर, महेंद्र साहू, मधुसूदन, किशोर रूपेश कुमार, प्राचार्य पूरनलाल बारले, उप प्राचार्य लिकेश्वर साहू, हथेश्वर साहू, परमानंद टंडन, धनेश्वरी साहू, प्रीति साहू, दिव्या चंद्राकर, डॉमिन साहू, दीपिका साहू, सुनीता सेन और कविता साव विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**दुर्ग।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में दीपावली के अवसर पर विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा तक दिवाली में भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखाने में सुविधा होती है। अपने ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए धनतेरस से पहले बुकिंग करें एवं धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध है एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। वहीं हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है। आशा है बेहतरीन से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए आज ही ओम ज्वेलर्स जरूर पधारे।

## भारती आयुर्वेदिक कॉलेज में स्वर्णप्राशन संस्कार कार्यक्रम



**भिलाई।** भारती आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल में प्रति माह की तरह इस माह भी 14 अक्टूबर 2025 को स्वर्णप्राशन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 50 से अधिक बच्चों का स्वर्णप्राशन किया गया। स्वर्णप्राशन संस्कार के बारे मे जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रख्यात आयुर्वेदाचार्य डाक्टर मानस रंजन होता ने बताया की यह एक प्राचीन आयुर्वेदिक प्रक्रिया है, जिसमें 1 से 16 वर्ष तक के बच्चों को विशेष रूप से तैयार स्वर्णभस्म युक्त मिश्रण दिया जाता है। यह प्रक्रिया बच्चों की स्मरणशक्ति, रोग प्रतिरोधक क्षमता, बुद्धि और शारीरिक विकास को बढ़ाने में अत्यंत लाभकारी होती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अन्य विषय विशेषज्ञो ने स्वर्णप्राशन के महत्व और उसके वैज्ञानिक लाभों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से पुष्य नक्षत्र के दिन स्वर्णप्राशन कराने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और वे रोगों से अधिक सुरक्षित रहते हैं। स्वर्णप्राशन संस्कार के अतिरिक्त भारती आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल अपनी अत्याधुनिक आयुर्वेदिक चिकित्सा सुविधाओं के लिए भी जाना जाता है। यहाँ 100 बिस्तरों का सुसज्जित अस्पताल, आपातकालीन सेवा , शल्यक्रिया , स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा नेत्र, कान, नाक, गला के विशेषज्ञों चिकित्सको की सेवाए उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, यहाँ पंचकर्म एवं फिजियोथेरेपी जैसी उन्नत चिकित्सा सेवाएँ भी दी जा रही हैं,जो वर्तमान जीवन शैली के मद्देनजर अत्यन्त प्रासंगिक है ।

## हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हुआ 'द नालेज कैनवास- 2025'



**दुर्ग।** हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दुर्ग में ' द नॉलेज कैनवास 2025' विज्ञान सहित अन्य सभी विषय की कला समेकित अधिगम की प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अल्का बाघमार महापौर, दुर्ग के द्वारा दीप-प्रज्वलन से विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि अल्का बाघमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रौद्योगिकी ने छात्रों को अधिक कुशल बना दिया है और हमें यह भी बताया कि विज्ञान के क्षेत्र में असीमित अवसर हैं। शाला के निर्देशक श्री बृजमोहन उपाध्याय ने सभी छात्रों का उत्साहवर्धन किया । निर्णायक मंडल में डॉ किरण मकाडे विभागाध्यक्ष, ए आई एम एम एम सी आर), डॉ नीतिभूषण सिंह चंदेल (विभागाध्यक्ष, ए आई एम एम एम सी आर), डॉ पीऊ माजी (विभागाध्यक्ष, रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी), डॉ मंजू संघी (रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी) ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढाई। निर्देशक बृजमोहन उपाध्याय, दीप्ति तिवारी (प्राचार्या), श्री वेदप्रकाश बाजपेई (एकेडेमिक कॉर्डिनेटर) श्रीमती हरबिंदर कौर संधु (एकेडेमिक कॉर्डिनेटर) द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का सर्वेक्षण किया और संबंधित छात्रों से उनके मॉडल के बारे में विवरण भी लिया। प्रत्येक विभाग का सर्वेक्षण करने के उपरांत निर्णायक मंडल ने निर्णय दिया। कला समेकित अधिगम के अंतर्गत कक्षा तीसरी से कक्षा बारहवीं की कक्षाओं के लिए विज्ञान व अन्य विषयों से संबंधित विभिन्न मॉडल व चार्ट की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसी प्रकार विज्ञान के साथ ही गणित, सामाजिक , वाणिज्य, अंग्रेज़ी, हिन्दी, संस्कृत विभाग के मॉडल व चार्ट सम्मिलित थे। सभी विषयों के सम्मिलित होने से छात्रों की रचनात्मकता उजागर हुई। एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत छत्तीसगढ और केरल से संबंधित आकर्षक नृत्य, परिधान, व्यंजन को शामिल किया गया। सांस्कृतिक पुल के द्वारा छत्तीसगढ और केरल को जोड़ने का प्रयास किया। माननीय अतिथियों, निर्णायक गण, अभिभावकों ने छात्रों के उत्साह और रचनात्मकता की प्रशंसा की और सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं ।

## 'बेटा बचाओ-बेटा पढ़ाओ' मुहिम शुरू की जिला पंचायत सभापति साहू ने

**उतई।** जिला पंचायत सभापति श्रद्धा पुरेंद्र साहू की ओर से 'बेटा बचाओ-बेटा पढ़ाओ' मुहिम शुरू की गई है। उनका कहना है कि



सरकार ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान चला कर बेटियों को सशक्त आत्मनिर्भर बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है लेकिन आज बालकों में जिस तरीके से नशा और सामाजिक कामों की प्रति रुझान दिख रहा है वह अति चिंतनीय है। आज शिक्षा हो या रोजगार हर क्षेत्र में बेटियां ही आगे है आज गवर्नमेंट स्कूल में भी बालकों की संख्या बहुत अधिक कम हो गई है इसकी चिंता पूरे समाज को पूरे गांव को करने की आवश्यकता है।

### स्वास्थ्य शिविर में लाभान्वित हुए हितग्राही, बांटी दवाई

**अंडा।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर अण्डा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 56 हितग्राही लाभान्वित हुए । शिविर



में फाइलेरिया एवं कुष्ठ के मरीजों को घरेलू रुग्णता प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई एवं किट वितरण किया गया। शिविर में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक राजेन्द्र कुमार वर्मा, जी आर भूआर्य खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, डॉ मनीष वासनिक फिजियोथेरेपिस्ट, ललिता वर्मा महिला सुपरवाइजर, उषा देशमुख महिला सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे।

## कोसरिया मरार पटेल समाज ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



दुर्ग जिला अंतर्गत कोसरिया मरार पटेल समाज झीट महुदा परिक्षेत्र को छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज ने राज का दर्जा दिया है। जिसमें कामता पटेल को अध्यक्ष , देवेंद्र बिट्टू पटेल को सचिव, हितेंद्र जीतू पटेल को कोषाध्यक्ष और कमल पटेल को समाज के प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है। इसके उपरांत शपथ ग्रहण समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाकंभरी देवी की पूजा अर्चना से की गई। तत्पश्चात क्रमशः अतिथियों का आगमन हुआ जिसमे प्रथम पाली के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक पाटन रहे। द्वितीय पाली के मुख्य अतिथि रहे दुर्ग सांसद विजय बघेल।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील पटेल छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष कोसरिया पटेल समाज ने किया । विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, जिला पंचायत प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर,जनपद प्रतिनिधि अरविंद जोशी, राकेश साहू ग्राम पंचायत सरपंच रूपेंद्र राजू साहू,तेजराम पटेल छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष मरार पटेल समाज, वीरेंद्र पटेल सरपंच ग्राम पंचायत कापसी, मोनिका धर्मेंद्र पटेल सरपंच ग्राम पंचायत रूही, ललित पटेल छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव, लोचन पटेल छत्तीसगढ़ प्रदेश संरक्षणक रामेश्वर पटेल छत्तीसगढ़ पटेल संरक्षक, गया पटेल, खेलूराम पटेल, पवन पटेल, दिनेश पटेल ,विनोद पटेल, विनोद पटेल और शगुन पटेल रहे। सांसद विजय बघेल ने पटेल समाज के भवन में किचन सेट और बाउंड्रीवॉल का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का शॉल श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट का सम्मान किया गया। इस अवसर पर दस गांव के कोसरिया पटेल समाज के सामाजिक महिला पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**अंचल की खबरें**

## खून की कमी होती है बच्चे के विकास में बाधक



**उतई।** स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 8 वे राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन जिला दुर्ग के समस्त 1548 आंगनबाड़ी केदो में 17 तारीख से 16 अक्टूबर तक किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य सभी लोगों में पोषण संबंधित व्यवहार में परिवर्तन लाना है। अजय कुमार साहू जिला महिला बाल विकास अधिकारी जिला दुर्ग ने कुपोषण मुक्ति हेतु चयनित ग्राम पंचायत परोड़ा परियोजना धमधा में 7 अक्टूबर को आयोजित पोषण जागरूकता कार्यक्रम में विशेष जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खून की कमी बच्चे के विकास में बाधक होती है। इस दौरान पोषण खजानी, भाजियों और रेडी टू इट का नियमित प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। गृहभेट के दौरान कल्पलता चैलेक, पर्यवेक्षक कलिंद्री उमरे एवं लोकेश्वरी कार्यकर्ता और गर्भवती महिलाएं नंदनी, चेतना, उर्मिला, उषा, केशर, खेमिन, हेमिन, डोमेश्वरी, त्रिवेणी और तारणी उपस्थित थे।

## सांसद खेल महोत्सव में जुटे ग्रामीण



**पाटन।** दुर्ग सांसद विजय बघेल एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्र में दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 14 अक्टूबर को हुआ। नगर पालिका प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अमलेश्वर के खेल मैदान में विविध प्रतियोगिताएं हुईं। मुख्य अतिथि भाजपा के अमलेश्वर मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर ने की। विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य नीलम राजेश चंद्राकर एवं समाजसेवी संजय बघेल थे। कार्यक्रम में पालिका उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, पार्षद अलोक पाल, घनश्याम साहू, राजू सोनकर, सोहन निषाद, हेमलाल साहू, खुबीराम सोनकर, रामेश्वरी ठाकुर, नीलम मिंज, यामिनी यादव, कैलाश यादव, फेरहा राम धीवर, शिवा साहू आदि उपस्थित थे।

## आईसीएफएआई विवि की कबड्डी टीम विजेता



**कुम्हारी।** आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, की कबड्डी (बालिका) टीम ने अंतर-विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता कोलोसस-2025, वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव में विजेता रहीं। वहीं कबड्डी (बालक) टीम ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता 10 से 12 अक्टूबर तक हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता के दौरान विश्वविद्यालय के खेल समन्वयक हेमंत कुमार देवांगन, असिस्टेंट प्रोफेसर ने सफल संचालन किया। कुलपति डॉ. शिव दयाल पांडे एवं कुलसचिव डॉ. मनीष उपाध्याय ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## ट्रक-ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने किया सम्मानित



**भिलाई।** ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष आदरणीय डॉ. रमन सिंह को सम्मानित किया। जन्मदिन की बधाई दी। उन्हें तलवार भेंट की। इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक गनी खान, सुधीर सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह, अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, कार्यकारिणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह, सचिव बलजीन्दर सिंह, दिलीप खटवानी, शाहनवाज कुरैशी, कोषाध्यक्ष जोगा राव, निर्मल सिंह, सुनील चौधरी, अमित सिंह, सुनील यादव, वाजिद अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## बेलहारी साहू संघ में टेसराम की टीम ने ली शपथ



**जामगांव आर।** परिक्षेत्रीय साहू संघ बेल्हारी के त्रिवार्षिक चुनाव 2025 का मतदान साहू सदन बेल्हारी में शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें ग्राम गातापार निवासी टेसराम साहू पुनः अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए एवं उनके नेतृत्व में गठित पैनल ने बहुमत से विजय हासिल की। उपाध्यक्ष महेश गंजीर ग्राम ओदरागहन एवं लता साहू गातापार, संगठन सचिव चेतन साहू चारभांठा एवं खुनेश्वरी साहू किकिरमेटा ने जीत दर्ज की। मतगणना समाप्त होने के बाद मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक किशोर साहू ने उक्त घोषणा की। शपथ ग्रहण समारोह में आभार प्रगट करते हुए टेसराम साहू ने बताया कि तहसील स्तरीय आदर्श विवाह गातापार ,परिक्षेत्रीय कर्मा जयंती रीवागहन ओदग़राहन अरमरीखुर्द में मनाया गया। इसी अवधि में कर्मा भवन बेलहारी का आहता निर्माण हुआ और कर्मा भवन प्रांगण में जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू के मद से 5 लाख 82 हजार रु का चेकर टाइल्स का भूमिपूजन सांसद विजय बघेल ने इसी माह किया। इस मौके पर मुख्य रूप से तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू, महासचिव खेमलाल साहू, लालेश्वर साहू, धनराज साहू, कमलेश्वरी साहू, किशन हिरवानी, डॉ गुलाब साहू,सरिता साहू, रामनारायण साहू,पारखत साहू,सरजू साहू, जोगीराम साहू,हरिशंकर साहू, गोपेश साहू, कमलेश साहू, जीवधन साहू, कोमीन साहू, विमला साहू, भूमिका गंजीर,छगन साहू, संजू साहू, बेनी राम साहू, लोकेश साहू, नारद साहू आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 16 अक्टूबर, 2025




न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## खबर संक्षेप

### चौकी प्रभारी की धमकी, ट्रेवल्स संचालक ने की शिकायत

**भिलाई।** दुकान खाली कराने को लेकर ट्रेवल्स संचालक पर गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत सीएम, एसएसपी से लिखित में की गई है। शॉप नं. 46/1, सरस्वती कॉम्प्लेक्स चर्च के बाजू में, जी.ई. रोड, सुपेला संचालक जेके ट्रेवल्स जितेन्द्र कुमार मिश्रा ने आरोप लगाया है कि चौकी प्रभारी गुरविंदर संधु ने उसे सरकारी मोबाइल नंबर से कॉल कर चौकी बुलाया था। थोड़ी देर उसी मोबाइल नंबर से जितेन्द्र के पास कॉल आया जिसमें चौकी पहुंचकर उनके कक्ष में पहुंचा। दुकान मालिक सरस्वती द्विवेदी का पुत्र बृजेश नारायण द्विवेदी भी बैठा था। टीआई से मालिक के पुत्र के बारे में पूछने पर अपशब्दों का धमकाने लगा। प्रभारी ने जितेन्द्र को दो दिन के भीतर दूकान खाली करने की मोहलत दी है। नहीं खाली करने पर सारा समान फेंकने की धमकी दिया। चौकी प्रभारी संधू को जितेन्द्र ने अवगत कराया कि दुकान मालिक ने कोर्ट से तीन नोटिस भेजवाया था। तीनों का जितेन्द्र ने अधिवक्ता के माध्यम से जवाब भी दे चुका है। पीड़ित के मुताबिक मालिक लोगों ने ढ़ाई लाख रुपए भी लिया गया है। सरस्वती द्विवेदी ने दूकान में आकर कहा था कि बिजली और दूकान का किराया उक्त रकम से काटूंगी। पीड़ित परेशान होकर शिकायत किया है। मांग किया है कि चौकी प्रभारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रभारी गुरविंदर संधु ने बताया कि आरोप गलत बेबुनियाद है। शिकायत व जांच पर उसे बुलाया गया था। उसने 14 माह से दुकान मालिकों को किराया नहीं दिया था। दोनों पक्षों में बातचीत भी हुई है। अधिवक्ता भी पहुंचे थे।

### सड़क को बाधित कर केक काटा, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** सड़क को बाधित कर केक काटने वाले पांच युवकों के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर वार्ड-16 थाना सुपेला निवासी अखिलेश चौहान नामक व्यक्ति 13-14 अक्टूबर की रात काम से जा रहा था। इस दौरान कार फार्चुनर सीजी 12 एक्यू 3600 को चौक में शुभम यादव, नीरज नेपाली, सत्यम यादव ,जितेश यादव, रवि यादव जमकर आतिशबाजी कर केक काट रहे थे। आने जाने वाले लोगों को इससे दिक्कत हो रही थी। पीड़ित भी पावर हाउस भिलाई जा रहा था। तभी संग्राम चौक कैम्प 1 के सड़क को आरोपियों द्वारा रोककर कार के बोनट पर केक काट रहे थे।

# निगम का दिवाली गिफ्ट! लाइसेंस शुल्क में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**भिलाई निगम व्यापारियों को दिवाली से पहले दे सकता है बड़ा झटका, शुल्क बढ़ाने सामान्य सभा में रखा जाएगा प्रस्ताव**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई की शहर सरकार अपने क्षेत्र में व्यवसाय करने वालों को दिवाली के त्योहार में बढ़ा झटका दे सकती है। नगर पालिक निगम भिलाई में 17 अक्टूबर को होने वाली सामान्य सभा में शहर सरकार सभी व्यवसाय के लिए लगने वाले लाइसेंस फीस में 45 प्रतिशत तक की वृद्धि करने वाली है। इस प्रस्ताव को एमआईसी में पास कर दिया गया है। सामान्य सभा में पास होने के बाद व्यवसायियों से नई दर पर अनुक्षप्ति शुक्ल वसूल किया जाएगा।

भिलाई नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सामान्य सभा में रखे जाने वाले एजेंडों को रखा गया है। इनमें से एक एजेंडा अनुज्ञप्ति शुक्ल को बढ़ाने का भी है। शहर सरकार ने इस प्रस्ताव को एमआईसी में पास करते हुए यह तर्क दिया है कि भिलाई निगम द्वारा निर्धारित अनुज्ञप्ति दरों को कई सालों से पुनरीक्षित नहीं किया गया है। निगम की वित्तीय स्थिति और आवस्यक सेवाओं को प्रभावी बनाने के लिए आय के स्रोतों में वृद्धि किया जाना जरूरी है। इसलिए निगम ने अनुज्ञप्ति की फीस को बढ़ाने का फैसला लिया है। निगम ने 188 अलग अलग व्यवसायों की निर्धारित अनुज्ञप्ति शुल्क में 40-45 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसाल लिया है।

### इस तरह से बढ़ाया जाना है अनुज्ञप्ति शुल्क

| अनुज्ञप्ति | वर्तमान शुल्क | बढ़ा शुल्क | बढ़ा प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| राइस मिल | 3175 रुपए | 4604 रुपए | 45 प्रतिशत |
| एलपीजी गैस वितरक | 1250 रुपए | 1812 रुपए | 45 प्रतिशत |
| जूता प्लास्टिक बेचना | 625 रुपए | 906 रुपए | 40 प्रतिशत |
| सेलून | 100 रुपए | 145 रुपए | 45 प्रतिशत |
| पान ठेला | 400 रुपए | 580 रुपए | 45 प्रतिशत |
| होटल | 700 रुपए | 1015 रुपए | 45 प्रतिशत |
| फल सब्जी | 375 रुपए | 544 रुपए | 45 प्रतिशत |
| नर्सिंग होम | 20625 रुपए | 29906 रुपए | 44 प्रतिशत |

### गोबर उपले बेचने वाले से लेकर नर्सिंग होम चलाने वाल शुल्क

निगम ने 188 व्यवसायों का अनुज्ञप्ति शुल्क बढ़ाया है। इसमें गोबर कंडा बेचने वाले और नाई की दुकान जैसे छोटे व्यवसाय करने वालों से लेकर राइस मिला और नर्सिंग होम जैसे बड़े संस्थान चलाने वाले शामिल हैं। सभी के बढ़े शुल्क का आकलन करें तो ये 45 प्रतिशत तक बढ़ाया जा रहा है।

### चुनाव के समय ही क्यों बढ़ाया जा रहा शुल्क

मामले में छाया महापौर और पार्षद महेश वर्मा का कहना है कि निगम चुनाव सिर पर हैं। ऐसे में शहर सरकार अभी ये शुल्क बढ़ा कर ये दिखाना चाह रही है कि भाजपा सरकार के दबाव में ऐसा हो रहा है। यदि उन्हें शुल्क बढ़ाना ही था तो इतने साल क्यों नहीं बढ़ाया गया। सामान्य सभा में इसका विरोध किया जाएगा।

पांच एकड़ जमीन से ज्यादा जमीन वाले लोगों के बीपीएल कार्ड निरस्त करने की तैयारी

# पीएम सम्मान निधि की राशि लेने वाले 69 हजार बीपीएल राशनकार्ड की हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पीएम सम्मान निधि लेने वाले दुर्ग जिले के 69 हजार लोगों की बीपीएल राशनकार्ड की जांच हो रही है। जिला खाद्य विभाग ने जिलेभर के सहकारी राशन वितरण दुकानों में इसकी सूची भेजी है। इस सूची के जारी होने के बाद जिन लोगों के पास जमीन हैं और वे बीपीएल कार्ड बनवाकर राशन ले रहें हैं उनमें हड़कंप मची हुई है। आयकर भरने वालों का भी कार्ड खंगाले जा रहे हैं। राशन वितरण केंद्रों में ऐसे लोगों से जमीन के दस्तावेज सत्यापन के लिए मांगे जा रहे हैं। केंद्र सरकार पीएम सम्मान निधि के रूप में लघु व सीमांत किसानों को सालभर में 6 हजार रुपए तीन किस्तों में दे रही है।



### 5 एकड़ तक जमीन, तो ही पात्रता

राशनकार्ड में शामिल किसी भी सदस्य के नाम पर कोई भी भूमि नहीं होने पर ही हितग्राही को भूमिहीन कृषि परिवार मानने का प्रावधान है। सीमांत किसान परिवार में अधिकतम 2.5 एकड़ और लघु कृषक परिवार में अधिकतम 5 एकड़ तक ही जमीन होने पर उन्हें राशन कार्ड के लिए पात्र माना जाएगा

**इसलिए बीपीएल कार्डधारियों का सत्यापन**

### पहला: भूमिहीन होने के बाद भी धान बेच रहे हैं किसान

सूत्रों के मुताबिक भूमिहीन होने के बाद भी कई लोग धान बेच रहे हैं। जबकि छत्तीसगढ़ खाद्य व पोषण सुरक्षा अधिनियम के मुताबिक प्राथमिकता वाले राशन कार्ड के लिए भूमिहीन कृषि मजदूरों के सभी परिवार और लघु व सीमांत किसान परिवार पात्र हैं। इस साल धान खरीदी के लिए किसान पंजीयन चल रहा है। कृषकों के आधार नंबर व राशन कार्ड के डेटा बेस में कार्डधारियों के सदस्यों का मिलान किए जा रहे हैं। इसमें प्राथमिकता वाले राशनकार्डधारियों ने समर्थन मूल्य पर स्वयं की स्वामित्व की जमीन का धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। साथ ही धान भी बेच रहे हैं। इसी तरह लघु व सीमांत किसान के तौर पर पंजीकृत किसानों के पास निर्धारित से ज्यादा जमीन का पंजीयन हो रहें हैं।

### आईटी रिटर्न भर रहे और बीपीएल कार्डधारी

सूत्रों के मुताबिक ऐसे लोग हैं जो बीएसपी या अन्य विभागों में सर्विस कर रहे हैं और वे गांव में अपने नाम पर बीपीएल कार्ड बनवा रखे हैं। ऐसे लोग बकायदा आयकर रिटर्न भी भर रहे हैं। उसके बाद मुख्यमंत्री खाद्यान योजना से मुफ्त का राशन उठा रहे हैं। बीपीएल कार्ड के आधार पर आयुष्मान कार्ड भी बनवा रखे हैं। डाटा बेस त्रुटि हैं या फिर जानबूझ कर गलत जानकारी देकर बीपीएल कार्ड बनवा लिए हैं यह जांच से ही पता चल सकेगा।

### दूसरा: एक ही परिवार के पांच लोग सभी लें रहे सम्मान निधि

सूत्रों के मुताबिक ऐसे भी परिवार के लोग पीएम सम्मान निधि का फायदा उठा रहे हैं जो एक ही परिवार के लोग हैं। यानी एक परिवार में यदि पांच लोग हैं तो सभी सदस्य अलग-अलग सम्मान निधि के पैसे ले रहे हैं। जबकि खाता उनका एक है। लेकिन अलग-अलग जगह पर निवास होने की जानकारी देकर पीएम सम्मान निधि के पैसे ले रहे हैं। इसमें राजस्व विभाग से जुड़े लोगों की भी भूमिका संदेहास्पद है। यह भी जांच से सामने आ सकती है।

### सर्वे दल के माध्यम से करा लिया गया सत्यापन

राशन कार्ड के लिए पात्र व आपात्र को लेकर स्पष्ट नियम व शर्तें हैं। इसमें किसानों की जमीन को लेकर भी नियम तय है। इन नियमों के हिसाब से पीएम सम्मान निधि लेने वालों का सत्यापन संबंधित क्षेत्र के नगरीय निकाय के अमले को जिम्मेदारी दी जा रही है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायतों की भूमिका रहेगी।

### परीक्षण कर रहे

जिले में पीएम सम्मान निधि लेने वाले किसानों के बीपीएल कार्ड नियम के दायरे में हैं या नहीं इसका परीक्षण करवा रहे हैं। इसलिए सूची हमने राशन वितरण केंद्रों में भेजी है। वेरीफिकेशन के बाद जिन लोगों की भूमि नियम से ज्यादा होगी या आईटी रिटर्न भरने वालों के बीपीएल राशनकार्ड निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

**-अनुराग सिह भदौरिया,**
जिला खाद्य नियंत्रक दुर्ग

# अवैध रुप से हुक्का का संचालन करने वाले को पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

▪ मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई, स्मृति नगर पुलिस चौकी की क्षेत्र की घटना

अवैध रुप से हुक्का का संचालक करने वालो के खिलाफ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर निकोटिन युक्त फ्लेवर सामान बेचने हुक्का पॉट में हुक्का पिलाने की जानकारी मिली थी। स्मृति नगर पुलिस मौके पर पहुंची और दबिश देकर स्मृति नगर निवासी संचालक नीरज सिंह को हुक्का पिलाते पकड़ा गया। पूछताछ करने पर हुक्का सामान को राजा नामक युवक अवैध रूप से इसका संचालित करना बताया है। आरोपी नीरज सिंह के पास से पुलिस ने दो नग हुक्का पीट, दो नग हुक्का पाईप, महाराजा कम्पनी का फ्लेवर जिसमें 0.50 प्रतिशत निकोटिन लिखा हुआ, अलादीन ब्रेनफीजर फ्लेवर, अफजल चीफ कमिशनर, 5 पान फ्लेवर एआई आयान कम्पनी, रजनी फ्लेबर एआई आयान कम्पनी, दो पैकेट स्टाश प्रो कोकोनट कोल, शीशा क्राउन कम्पनी का रोल फाईल का जब्त किया। जिसकी कीमत पांच हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने दुर्ग निवासी धनंजय साहू , बाबादीप सिंह नगर सुपेला गगनदीप सिंह ,सिदार्थ नगर दुर्ग संकेत धर्मकार को पकड़ा है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक गुरुविंदर सिंह संधु समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# पाटन के होटलों में परोसी जा रही थी शराब, 7 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



होटल के आड में शराब बेचने वालों के खिलाफ पाटन पुलिस ने दबिश दिया। जहां पुलिस ने 7 होटलों व ढाबों पर कार्रवाई कर आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात थाना पाटन क्षेत्र में संचालित होटल और ढाबों पर बड़ी कार्रवाई की गई। सूचना पर कुछ होटल और ढाबा संचालक अपने प्रतिष्ठानों में छिपकर शराब पिला रहे थे। मौके पर पुलिस 7 होटल-ढाबा संचालकों को रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस की दबिश के दौरान खुलेआम ढाबा संचालक लोगों को शराब बिठाकर शराब पिला रहे थे। यहां के कई ढाबों में ग्राहकों को खुलेआम शराब परोसा जाता था। मौके से शराब के ग्लास,बोतलें, अन्य सामग्री जब्त की गई है। पुलिस ने वार्ड 9 पाटन निवासी दिनेश मण्डेश, महामाया पारा पाटन रोहित कुमार पेण्डरिया,इंदिरा नगर पाटन देवेन्द्र यादव, शेख जाहिद, महावीर चौक पाटन ईश्वरी पटेल, करन पटेल, महादेवघाट अमलेश्वर मोहन साहू के खिलाफ कार्रवाई किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि अवैध शराब बेचने और सेवन को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जा रहा है। किसी भी होटल, ढाबा या सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान चलाकर सार्वजनिक जगह पर शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# धनोरा में शिवमहापुराण कथा स्थल में कीचड़, जिला प्रशासन ने नहीं दी अनुमति, कथा होगी अब ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

समीपस्थ ग्राम धनोरा में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले की शिव महापुराण कथा को प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। इसलिए कि लगातार बारिश के चलते प्रस्तावित कथा स्थल का मैदान गीला होने के कारण यहां पंडाल लगाना संभव नहीं हुआ। पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने तीन बार स्थल निरीक्षण किया और अंततः मैदान उपयुक्त नहीं पाया। आयोजक दामोदर प्रसाद साहू ने तत्संबंध में सीहोर जाकर पं. प्रदीप मिश्रा को वस्तुस्थिति से अवगत कराया। उन्होंने धनोरा की कथा को आनलाइन सुनाने की अनुमति दे दी। अब तय तिथि 25 से 29 अक्टूबर तक शिवमहापुराण कथा ऑनलाइन होगी। ]



### एक साल पहले मिली थी यह कथा

भिलाई इस्पात संयंत्र के वाटर मैनेजमेंट से सीनियर टेक्नीशियन पद से रिटायर दामोदर प्रसाद साहू ने धनोरा में 25 से 29 अक्टूबर तक शिवमहापुराण की कथा के लिए एक वर्ष पहले से ही पं. प्रदीप मिश्रा से सहमति ले ली थी। कलेक्टर अभिजीत सिंह व एसएसपी विजय अग्रवाल सहित अन्य प्रशासनिक अफसरों ने प्रस्तावित कथा स्थल और पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर लिया था। लेकिन विगत कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इसके चलते जमीन गीली हो गई और पंडाल लगाने के लिए इसे उपयुक्त और सुरक्षित नहीं माना गया। आयोजक परिवार के जयप्रकाश साहू, ओमप्रकाश साहू, उमेंद साहू ने पिछले दिनों सीहोर जाकर पं. प्रदीप मिश्रा से चर्चा की और वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए उसी तिथि को आनलाइन कथा सुनाने का अनुरोध किया। इसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। अब 25 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक पं. प्रदीप मिश्रा शिवमहापुराण की कथा आनलाइन सुनाएंगे। इसकी घोषणा भी वे खुद कर चुके हैं।

**7813 सीटों में मिलेगा दाखिला**

# 79 तकनीकी कॉलेजों में फार्मेसी कोर्स के पहले चरण की काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने फार्मेसी कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। भिलाई सहित पूरे प्रदेशभर के 79 तकनीकी कॉलेजों में काउंसिलिंग से प्रवेश दिया जाएगा। 7813 सीटों में दाखिले के पहले चरण की काउंसिलिंग के लिए रजिट्रेशन भी शुरू कर दिया है। 18 अक्टूबर तक विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। तीन चरणों में दाखिला होगी और प्रवेश प्रक्रिया 6 दिसंबर तक चलेगी।



### बी फार्मा, डी फार्मा व एम फार्मा में प्रवेश

कॉलेजों में संचालित बी. फार्मा, डी. फार्मा और एम. फार्मा कोर्स में एडमिशन दिए जाएंगे। तकनीकी संचालनालय ने प्रवेश के लिए पहले दो चरण की काउंसलिंग संचालनालय स्तर पर और तीसरे चरण की काउंसलिंग संस्था स्तर पर करेगी। इससे पीपीएचटी में चयनित विद्यार्थियों को भी राहत मिलेगी। ये विद्यार्थी चार महीने से काउंसलिंग का इंतजार कर रहे थे। वर्ष 2024-25 में बी फार्मेसी की 4178 और डी फार्मेसी की 5151 सीटें थी। इस साल स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय ने सीटें कम कर दी।

### 24 अक्टूबर को जारी होगी मेरिट सूची

शेड्यूल के अनुसार 24 अक्टूबर को मेरिट लिस्ट जारी होगी। दावा आपत्ति 25 अकटूबर को होगी। जबकि आवंटन लिस्ट 29 अक्टूबर को जारी होगी। इसके अनुसार 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक प्रवेश दिए जाएंगे। द्वितीय चरण में रजिस्ट्रेशन 7 से 10 नवंबर तक होगा। 12 नवंबर को मेरिट लिस्ट जारी होगी। 13 को दावा-आपत्ति और 15 नवंबर को आवंटन लिस्ट जारी होगी। 16 से 19 नवंबर तक एडमिशन दिए जाएंगे। इसी तरह फिर संस्था स्तर पर काउंसिलिंग होगी। इसके तहत 21 से 25 नवंबर तक पंजीयन होगा। मेरिट लिस्ट 27 नवंबर को जारी होगी। 1 से 6 दिसंबर तक प्रवेश दिए जाएंगे। सीटें खाली रहने के बाद दूसरी काउंसिलिंग की तिथि तय की जाएगी।

# मेटाडोर ने बाइक सवार युवक-युवती को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

तेज रफ्तार से आ रही एक मेटाडोर ने बाइक सवार युवक युवती को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में दोनों बाल-बाल बच गए लेकिन ट्रक सीदे पेड से टकरा गई। खबर लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक जब्त कर थाने लेकर आ गई। मिली जानकारी के मुताबिक मेटाडोर सीजी 05 एए 5967 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक युवती को टक्कर मार दिया। मेटाडोर में चॉवल भरा हुआ था, घटना सिविक सेंटर के पास की है। मेटाडोर में लदा चॉवल धमतरी के लेंजवार स्थित दुकान से कैंप 2 के अनाज कारोबारी के यहां जाने के लिए निकला था। मेटाडोर चालक गुरेन्द्र अपने हेल्पर परमानंद और धर्मेंद्र के साथ धमतरी से पाटन, जामगांव एम, सेलूद होते हुए मरोदा चौक, सिविक सेंटर पहुंचा था। मेटाडोर जैसे ही शहीद पार्क से आगे बढ़ने लगा तो अचानक बाइक सामने आ गई और उसे बचाने के चक्कर में चालक ने अचानक ब्रेक लगाया। तभी ब्रेक एक तरफ लगा और वाहन खिसक गया। जिससे बाइक सवार युवक व युवती चपेट में आ गए।




### फिर पेड से टकरा गई मेटाडोर

घटना के बाद मेटाडोर पेड़ से टकराकर रुक गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों की मदद से युवक युवती को अस्पताल पहुंचाया गया। मेटाडोर में लदा चावल खाली कराया और चालक को बाहर निकालने में लोगों ने मदद की। लोगों ने डायल 112 को कॉल कर सूचना दी। टीम मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार जारी है।

### जुर्म दर्ज कर जांच में लिया

मामूली चोट आई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उपचार के लिए उन्हें अस्पताल भेज दिया गया है। चालक के खिलाफ अपराध कायम कर वाहन को जब्त किया गया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

**- जितेन्द्र वर्मा**
प्रभारी भिलाई नगर थाना

**लाइव इवेंट**

## दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित ने मरोदा में 22 छात्राओं को दी साइकिल




**दुर्ग।** ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मरोदा टैंक स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना अन्तर्गत कक्षा 9 वीं के 22 छात्राओं को साइकिल की चाबी भेंट कर साइकिल वितरित की किया गया और सभी को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। कक्षा 9 वीं छात्रा अर्चना ने साइकल पाकर ख़ुशी जाहिर की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर का धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि हमारी सरकार बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। आज साइकल पाकर छात्राओं के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास दोनों ही देखने को मिला। नई शिक्षा नीति के तहत आपको जिस सब्जेक्ट में मन लगता है जिस फील्ड में आपको कैरियर बनाना है उस हिसाब से आप सब्जेक्ट चयन कर आगे बढ़ सकते हो। श्री चंद्राकर ने स्वच्छ भारत अभियान पर प्रकाश डालते हुए कहां हम सबको अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सफाई रखना है स्वच्छ शरीर में स्वच्छ मन का निवास होता है।साथ ही इस दीपावली के अवसर पर स्वदेशी वस्तु को अपनाना है जिससे हमें स्वयं को रोजगार मिलेगा आसपास अपने अपने क्षेत्र में जो लोकल कारीगर है उनके यहां से सामान खरीदें और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को अधिक से अधिक लोग करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला मंत्री शैलेन्द्र शेंडे, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू,प्राचार्य श्रीमती मित्रा राय चौधरी, पार्षद सरिता देवांगन, नरेन्द्र निर्मलकर, राजूराम, पूनमचंद सपहा, देवेंद्र साहू,रमेश वर्मा, सितारा देवी, हरिश्मनी, जानेंद्र ठाकुर, इंदिरा साहू, रंजू देवांगन, दुलेश्वरी साहू, संध्या गेड़ाम, अनिता पटेल, भीमरे, हिमांशु गुप्ता, अन्नपूर्णा सिंह, कामिनी सेनभानुलता देवांगन, सुशीला वैष्णव, सहित पालकगण उपस्थित रहे।

**सिटी इवेंट**

## विकसित भारत विषय पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में डॉ. देवांगन रहे निर्णायक



**भिलाई।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् द्वारा आयोजित विकसित भारत विषय पर पेन्टिंग प्रतियोगिता में सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ.अंकुश देवांगन ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में चित्रकला विभाग के छात्र छात्राओं ने इस परिप्रेक्ष्य में एक से बढ़कर एक पेन्टिंग का निर्माण किया था। इस दौरान अन्य निर्णायकों में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार हुकुम वर्मा तथा सुनीता वर्मा भी उपस्थित थे।

- इंदिरा कला संगीत विवि खैरागढ़ के छात्र-छात्राओं ने बनाए एक से बढ़कर एक पेंटिंग

वहीं चित्रकला विभाग के विभागाध्यक्ष विकास चंद्र ने निर्णायकों का स्वागत और मार्गदर्शन किया। छत्तीसगढ़ राज्य में इस प्रतियोगिता की जिम्मेदारी खैरागढ़ विश्वविद्यालय को दी गई है। ललित कला अकादमी, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ राज्य से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ.अंकुश देवांगन ने प्रतियोगिता का निर्णय करने के बाद भिलाई में अकादमी स्थापना के मद्देनजर विभागाध्यक्ष तथा इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर कपिल वर्मा से विस्तृत चर्चा की। इन कलाकारों ने भिलाई को राष्ट्रीय स्तर के कलाकेन्द्र के लिए सबसे उपयुक्त जगह बताया। उन्होंने कहा कि मध्यभारत में भिलाई एक ऐसी जगह है जिसमें राष्ट्रीय कलाकेन्द्र बनने के हर गुण मौजूद हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भिलाई में ललित कला और एनएसडी की स्थापना से छत्तीसगढ़ी कला को एक विस्तृत आकाश मिलेगा।

## उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का किया सम्मान



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भिलाई निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। शंकर नगर बंगले में दया सिंह अपने साथियों के साथ पहुंचे। डॉ. रमन सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके हाथों से केक कटवाकर जन्मदिन का उत्सव मनाया। दया सिंह ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. रमन सिंह छत्तीसगढ़ की राजनीति के ऐसे जननायक हैं, जिन्होंने प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर किया। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

**कल्याण कॉलेज में आयोजित क्रिएटिव आर्ट वर्क के एग्जीबिशन में दिखी स्टूडेंट्स की प्रतिभा**

# वेस्ट को बना दिया बेस्ट...उपयोग के बाद आइसक्रीम कप को बना दिया पेपर वेट, ग्लाइडर शीट से झूमर, कलर्ड लैम्प और खराब कपड़ों से बनाया ट्री पॉट

**भिलाई।** एजुकेशन हब भिलाई के कल्याण कॉलेज में स्टूडेंट्स ने वेस्ट से बेस्ट मटेरियल को बनाकर नवाचार का परिचय दिया है। बॉटनी डिपार्टमेंट के स्टूडेंट्स ने क्रिएटिव आर्ट वर्क्स का आयोजन किया। इसमें अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोगी सामग्री बनाकर एग्जीबिशन लगाया गया। एग्जीबिशन में स्टूडेंट्स की प्रतिभा की खूब प्रशंसा हुई। इसमें बच्चों ने कमाई भी की। कॉलेज में साइंट फैकल्टी के हेड और बॉटनी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ. गुणवंत चन्द्रौल ने कहा कि ऐसा एग्जीबिशन हर साल लगाया जाता है। एग्जीबिशन से पहले एक्सपर्ट्स से स्टूडेंट्स की बाकायदा ट्रेनिंग भी कराई जाती है। ताकी स्टूडेंट्स क्रिएटिव बन पाएं। इससे इनोवेटिव बच्चे और अधिक उत्कृष्ट सामग्री का निर्माण कर पाए।

कॉलेज स्थित बॉटनी विंग की गैलरी में आयोजित क्रिएटिव आर्ट वर्क्स का आयोजन दो दिनों तक किया गया। इसमें प्रमुख रूप वेस्ट आइसक्रीम कप से पेपर वेट, प्रीमियम वाइन के एमटी बॉक्स से फ्लावर पॉट, फिनायल की वेस्ट बॉटल से मनी प्लांट पॉट, पेपर और ग्लाइडर शीट से झूमर, कलर्ड लैंप, पेपर और मौली धागा से दिवाली के लिए सजावटी आइटम, जूट से पैन स्टैंड, वेस्ट क्लॉथ से ट्री पॉट, आइसक्रीम के वेस्ट कप से अगरबत्ती और धूपबत्ती स्टैंड को कलात्मक ढंग से बनाया गया। इसके अलावा स्टूडेंट्स द्वारा सीमेंट, थर्माकोल, जूट, वॉल पुट्टी, ऊन, आइसक्रीम स्टीक, कांच और प्लास्टिक बॉटल आदि ऐसे अनुपयोगी वस्तुओं को सुंदर और आकर्षक ढंग से आकार देकर बहुपयोगी और मनमोहन रूप से सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. विनय शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की क्रिएटिविटी में निखार आता है। उन्होंने कहा कि अन्य डिपार्टमेंट में भी ऐसे क्रिएटिव और इनोवेटिव इवेंट होने चाहिए ताकि स्टूडेंट स्टडी के साथ-साथ अन्य प्रतिभाओं में निपुण हो सके। दो दिवसीय एग्जीबिशन में बॉटनी डिपार्टमेंट की असिस्टेंट प्रोफेसर प्रियंका साहू, पंकज कुमार जैन, मनमीता सिंह राजपूत, राकेश साहू, गुलेश्वरी साहू, ललीता की उल्लेखनीय भूमिका रही। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सीनियर प्रोफेसर और कॉमर्स फैकल्टी के हेड डॉ. सलीम अकील, आर्ट्स फैकल्टी के हेड डॉ. लखन चौधरी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ईश्वर सिंह बरगाह, डॉ. बनीता सिन्हा व अन्य फैकल्टी,







### प्रोफेसर्स ने चखा पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद

क्रिएटिव आर्ट वर्क्स में फूड स्टॉल भी लगाया गया। इसमें छत्तीसगढ़ी व्यंजन में चीला, फरा और आलू गुंडा से लेकर चाइनीज डिश को बच्चों ने बनाया। यहां स्टूडेंट्स द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों को खाने खूब भीड़ लगी रही। इस अवसर पर कॉलेज ने खूब एन्जॉय किया। प्राध्यापकों ने स्टार्टअप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स अपने हुनर से भी पैसे कमा सकते हैं। नए इनोवेशन, क्रिएटिविटी पर फोकस होकर अध्ययन करना वर्तमान समय की जरुरत है। उन्होंने सभी बच्चों को इसके लिए प्रेरित किया। आधुनिक तकनीकों की जानकारी लेने के लिए नियमित रूप से विशेषज्ञों से संपर्क में रहने से जुड़े टिप्स भी दिए।



### नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने को लेकर भी मंथन

इस इवेंट में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने को लेकर भी मंथन किया गया। स्टूडेंट्स ने अपने स्टार्टअप विचारों के बारे में जानकारी दी। इनमें नवाचार, समस्या-समाधान की क्षमता, प्रस्तुति कौशल, बाजार की समझ और प्रभाव क्षमता शामिल थे। छात्रों ने अपने विचारों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की इच्छा दिखाई। उन्होंने भविष्य में इन विचारों को सफल व्यवसाय में बदलने की संभावना भी प्रदर्शित की। छात्रों ने बेहतरीन और रचनात्मक विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने प्रदर्शनी के माध्यम से अपने इनोवेशन को प्रदर्शित भी किया। रचनात्मक सोच को दर्शाया। प्रबंधन ने कहा कि अनुसंधान की क्षमता और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देना है। इससे वे अपने विचारों को सफल स्टार्टअप में बदल सकेंगे और देश के विकास में योगदान दे सकें।

# दीपावली पर अनूठी पहल, अकेले रह रहे बुजुर्गों के घर बंटेगी रोशनी व खुशियां

**भिलाई।** गरीब भी दीवाली में खुशियां मना सके इसके लिए भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के द्वारा घर-घर बांटे रोशनी और फैलाएं खुशियां जन जागरण अभियान चलाने का निर्णय महासंघ के प्रबंधकारिणी की बैठक में लिया गया। इसके अंतर्गत महासंघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा अपने पास पड़ोस के जरुरतमंद गरीब परिवारों, अनाथालयों, वृद्धाश्रमों में फल, मिठाई, कपड़े, दीये एवं बच्चों को हल्के पटाखे बांटने का कार्य किया जाएगा, ताकि उन सबकी भी दीवाली अच्छी तरह से मन सके। साथ ही समीपस्थ झुग्गी बस्तियों के घरों में दीया पहुंचाने का कार्य किया जाएगा ताकि उनके घर भी दीवाली में रोशन हो सके। महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बताया कि दीपावली के पावन अवसर पर महासंघ के तत्वावधान में धनतेरस से भाई दूज तक स्वैच्छिक सामाजिक जन जागरण अभियान घर-घर बांटे रोशनी और फैलाएं खुशियां चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य दीपावली के अवसर पर निर्धन एवं जरूरत मंद लोगों तक पहुंच कर उन्हें फल, मिठाई, कपड़े, दीये आदि देकर उन्हें भी खुशियां मनाने का अवसर प्रदान करना है। साथ ही एकाकी जीवन जी रहे बुजुर्गों का भी सुध लेकर उनसे भी भेंटकर उन्हें भावनात्मक एवं आत्मीय खुशी प्रदान करना है। स्थानीय कुम्हारों, कारीगरों, स्व सहायता समूह, कुटीर उद्योग, छोटे दुकानदारों एवं फुटकर पसरा वाले लोगों से ही दीपावली के लिए मिट्टी एवं गोबर से बने हुए दीये एवं अन्य जरूरी त्योहारी सामान खरीदने में प्राथमिकता देंगे, जिससे लोकल फुटकर विक्रेताओं को भी लाभ मिल सके। तैयारियों को लेकर हुई बैठक में दिनेश कुमार गुप्ता, धानेश्वर कुमार निर्मलकर, दिनेश कुमार मिश्रा, माखनलाल टंडन, शिवप्रसाद साहू आदि उपस्थित थे।



## प्राचार्यों और नोडल को बताया पोर्टल में रिपोर्ट अपलोड करने का तरीका



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि विकास पंचाक्षरी प्राध्यापक शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय धनोरा रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी प्राचार्यों एवं नोडल अधिकारियों को पोर्टल पर निर्धारित समय सीमा के भीतर सटीक डाटा अपलोड करने, उसे ध्यानपूर्वक वैलिडेट करने तथा उच्च शिक्षा संस्थानों के डाटा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु शिक्षकों के उत्तरदायित्वों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. जेपी पात्रा ने सर्वे की उपयोगिता एवं भारत सरकार द्वारा संचालित इस सर्वेक्षण के प्रमुख उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के समन्वयक डॉ. शिवांगी चंद्राकर एवं दिव्या शुक्ला रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. जेपी पात्रा ने सभी प्रतिभागियों, प्राचार्यों, नोडल अधिकारियों एवं विश्वविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। कुलपति डॉ. अरुण अरोरा एवं कुलसचिव डॉ. अंकित अरोरा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक यह कार्यक्रम हुआ। कार्यशाला में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 60 नोडल अधिकारी एवं प्राचार्यगण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

**गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने वृद्धाश्रम में किया सेवाकार्य, प्राचार्य ने किया मार्गदर्शन**

# बुजुर्गों के प्रति आदर और सम्मान आवश्यक, वे हमारी धरोहर, युवाओं को उनके अनुभवों से सीखने की जरुरत

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में दान उत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य ने छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के प्रति हमारे मन में आदर सम्मान का भाव होना चाहिए। वे हमारी धरोहर हैं। उनसे हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनके अनुभवों का लाभ उठाना चाहिए। प्रबंधक दीपक चापरिया ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप लोग देश के कर्णधार हैं। देशसेवा व समाजसेवा का संकल्प लेकर आप लोगों को कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. सुषमा यादव ने कहा कि आजकल की युवा पीढ़ी में संस्कारों का अभाव होने के कारण अपने मातापिता को वृद्धाश्रम में छोड़ देते हैं। हम सभी को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार ग्रहण करते हुए अपने मातापिता के प्रति उदार दृष्टिकोण रखना चाहिए।



### नियमित रूप से सेवाकार्य करने का लिया संकल्प

कॉलेज की छात्राओं ने नियमित रूप से वृद्धाश्रम में पहुंचकर सेवाकार्य का निर्णय लिया। उन्होंने बुजुर्गों से बात की। उनके परिवार के बारे में जानकारी ली। पुराने दिनों के बारे में पूछा। बुजुर्गों ने आप बीती बताई। कई बुजुर्गों की आंख भर आई। इस अवसर पर बुजुर्गों को जरुरत के सामान दिए गए। दिवाली की बधाई दी गई। साथ ही भविष्य में नियमित रूप से सेवा का संकल्प लिया गया। वृद्धाश्रम में छात्राओं ने श्रमदान कर सफाई भी की। प्रबंधन से जरुरत के बारे में पूछा। प्रबंधन द्वारा शासन द्वारा किए जा रहे इंतजाम के बारे में अवगत कराया।

### बुजुर्गों को किया सम्मानित, साथ बैठकर बिताया समय

वृद्धाश्रम में वृद्धों का तिलक लगाकर शॉल भेंटकर सम्मान किया गया। मिठाई, फल, बिस्किट का वितरण किया गया। स्वच्छता अभियान से संबंधित नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत का आयोजन किया गया। छात्राओं ने बुजुर्गों के अनुभवों को साझा किया। साथ ही छात्राओं द्वारा वृद्धाश्रम की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर नेहा तीमर, त्रिशला कौशिक, ट्विंकल, देविका, चेत्री एवं विमल यादव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन किया।




ROYAL ENFIELD
ROYALENFIELD.COM
ROYAL ENFIELD
MADE LIKE A GUN
TRADE MARK
धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
CREATIVE HUB ADVERTISING
SIDDHI ROYALS
BHILAI 9522221941
DURG 9522221943
BEMETARA 9522221947
PATAN 9522221936
@siddhiroyals
350cc OF PURE MOTORCYCLING.
कीमत ₹1.37 लाख से शुरू।*
*Ex-showroom Chennai. New pricing starts from 22.09.2025. *T&C apply.




### सायबर धोखाधड़ी में रोकथाम के लिए एआई व एमएल के दुरुपयोग पर जागरुकता की दरकार

# दुर्ग सहित प्रदेश में बढ़ा सायबर क्राइम... हर बीस मिनट में अपराध, डेढ़ साल में 1301 से ज्यादा केस

विमल शंकर झा ▸▸| भिलाई

देश में मजबूत होती अर्थ व्यवस्था के साथ ट्विनसिटी सहित प्रदेश में सायबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके चलते आए दिन अनेक लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं। अब डिजिटल अपराधों की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार द्वारा एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी और एमएल मशीन लर्निंग के इस्तेमाल की शुरु की गई सुरक्षात्मक पहल इस मामले में राहत की उम्मीद है। सायबर कानूनों के जानकारों के मुताबिक डिजिटल अपराधों में अंकुश के लिए अपराधियों द्वारा एआई के दुरुपयोग को रोकने आम लोगों को जागरुक करने के साथ राज्य शासन के सायबर संसाधनों को भी और विकसित किए जाने की जरुरत है।

उल्लेखनीय है कि देश में 85 प्रतिशत से अधिक परिवार आनलाइन हो चुके हैं। यानी हर हाथ में मोबाईल है। डिजिटल बदलाव के दौर में अवसर और सुविधाएं बढ़ने के साथ मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं। सरकार की जनसुलभ योजनाओं डिजिटल इंडिया, जनधन योजना भीम ऐप ने लाखों लोगों को इंटरनेट से तो जोड़ा है लेकिन इसके साथ ही लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना अभी एक बड़ी चुनौती है। सायबर अधिवक्ता व कल्याण विधि कालेज के प्राध्यापक गौरव सोनी बताते हैं कि आम लोग इंटरनेट का उपयोग करना तो जानते हैं लेकिन इसके उपयोग के दौरान सुरक्षात्मक कदमों की जानकारी नगण्य होती है। इस दिशा में सायबर धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार की एआई व एमएल के उपयोग की पहल प्रभावी होगी लेकिन क्रिमिनल्स द्वारा एआई के दुरुपयोग से बचाने के लिए लोगों को जागरुक करने की जरुरत है। जिस तेजी से अपराध बढ़ रहे हैं, उसके अनुरुप सायबर कानूनों में सख्ती व यहां सायबर सेल के तकनीकी संसाधनों के विकास की जरुरत है। साथ छग में सायबर क्राइम तेजी से बढ़ रहे हैं। देश मे पिछले मात्र दो साल में सायबर अपराधों की संख्या दोगुनी हो गई है। वर्ष 2022 में सायबर क्राइम की रिपोर्ट 10.2 लाख थी, जो 2024 में 22.6 लाख हो गई है। छत्तीसगढ़ तो सायबर सेंसेक्स में 11 वें नंबर पर पहुंच गया है। राज्य में हर 20 मिनट में एक सायबर क्राइम हो रहा है। यहां महज डेढ़ साल में 1301 सायबर अपराध हुए हैं। इससे पीड़ितों को 107 करोड़ का नुकसान हुआ है। जबकि निदान का ग्राफ व जब्ती बहुत धीमी है। पुलिस ने मात्र 3.67 करोड़ रुपए वापस हुए हैं।

यह सिर्फ 4 फीसदी है। यह जानकारी खुद गृह मंत्री विजय शर्मा ने विधानसभा में दी है। सायबर अधिवक्ता श्री सोनी बताते हैं कि डिजिटल अपराधो के रोकने डिटिडल प्रणालियों की जटिलता सायबर नेटवर्किंग की परिष्कृतता के साथ यूरोप की तरह एडवांस तकनीकी संसाधनों को डेवलप करने की जरुरत है। स्कूली पाठ्यक्रम में सायबर सिलेबस शामिल करने की दरकार है। वहीं सायबर अपराधों से फौरी राहत के लिए फास्ट टैक कोर्ट बढ़ाने की भी जरुरत है।



### नित नए कई तरह के सायबर अपराध

सरकार की जनहित योजनाओं के आनलाइन होने, बैंकिंगे ट्रांजेक्शन और विभिन्न क्षेत्रों में पिछले एक दो साल से कई तरह के सायबर अपराधों से लोगों को करोड़ों रुपए का नुकसान और जान माल का भी खतरा बढ़ता जा रहा है। प्रमुख अपराधों के तहत फिशिंग, विशिंग, इनपर्सोनेशन,आइडेंटिटी थैफ्ट,डिजिटल अरेस्ट, डीप फेक और रेंसम वेयर जैसे कई तरह के सायबर अपराध महाराष्ट्रएपी, तमिलनाडू के साथ छग में भी बढ़ रहे हैं। सायबर प्राध्यापक गौरव सोनी बताते हैं कि एआई के दुरुपयोग के तहतडीप फेक में कोई परिचित का फोटो या वीडियो मोबाइल पर डाल झांसा देगा कि 10 हजार रुपए मेरे खाते में डाल दो। डिजिटल अरेस्ट में भी नकली सीबीआई अफसर बताकर डिजिटल अरेस्ट हो चुके बता विवेचना का भय दिखाकर मोटी रकम ऐंठ लेगा। वहीं रेंन्सम वेयर क्राइम के तहत अपराधी हमारे डिजिटल सिस्टम में कोई ऐसा साफ्टवेयर डाल देता है जिससे हमारा डेटा लांक हो जाता है और इसे खोलने के लिए लाखों रुपए की मांग करता है। इसी तरह सायबर स्टांकिंग में किसी युवती को फेसबुक आदि सोसल मीडिया प्लेटफार्म में बार बार मैसेज डालकर पीछा किया जाता है। इसके अलावा डिजिटल यौन शोषण क्राइम में एआई से लड़की का आपत्तिजनक फोटे डालकर अपराध ब्लैकमेल करते हैं। इसी तरह सायबर पुलिंग के तहत किसी को डरा धमका कर मजाक उड़ाकर ह्रासमेंट व ब्लैकमेल किया जाता है।

### डिजिटल एजूकेशन का जागरुकता की जरुरत : गौरव सोनी

सायबर अधिवक्ता और प्राध्यपक गौरव सोनी के मुताबिक देश के साथ छग में तेजी से बड़ रहे सायबर क्राइम के तहत शासन के सायबर विभाग को एडवांस टेक्नीक से लैस करने के साथ लोगों को सायबर एजूकेशन व पर्याप्त जागरुक करने की जरुरत है। स्कूली पाठ्यक्रम में एक चेप्टर सायबर अवेरनेस का शामिल किया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ में सायबर क्राइम की फारेंसिक जांच के लिए रायपुर की लैब में टेक्निकली विकसित करने की जरुरत है,अभी थानों से नया रायपुर फिर रायपुर से जांच के लिए हैदराबाद भेजते हैं, जिसमें काफी समय लगता है। शासनकोहमारी लैब को पर्याप्त उपकरणों से जल्द लैस किया जाने की जरुरत है। सायबर ठगी के शिकार होने पर पीड़ित को यहां वहां भटकने के बजाए सायबर सेल दिल्ली हेल्प लाइन नंबर 1930 में आनलाइन शिकायत करना चाहिए। शिकायत पर वे सीध ट्राजेक्शन नंबर पूछने के बाद ट्रेस करते हैं और सभी खातों का पूरा पैसा तत्काल फ्रीज करवा देते हैं, जिससे सुपुर्दनामा की संभावना बढ़ जाती है। सायबर अधिवक्ता श्री सोनी बताते हैं कि पीड़ित को किस लिंक पर क्लिक करें या न करें, इसकी जानकारी होनी जरुरी है। यदि फर्जी लिंग के माध्यम से अपराध हो जाए तो आगे क्या करना है, इस मामले में जागरुक करने की जरुरत है। फिर निजी जानकारी किस वेबसाइट में साझा करना है का ज्ञान हो। सरकारी वेबसाइट का उपयोग करने के दौरान मजबूत पासवर्ड बनाना होगा। यदि अपने मो. कोई ऐप डाउनलोड करते हैं तो अधिकृत प्लेटफार्म से ही करने की जरुरत है। ठगी होने पर सायबर क्राइम डांट जीओबी डांट इन पोर्टल में शिकायत करें।



## खबर संक्षेप



### लंबित प्रकरणों को लेकर एसएसपी ने ली बैठक

**भिलाई।** जिले के थानों में पड़े लंबित मामलों को लेकर एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस कंट्रोल में सभी राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें विभागीय जांच में न्यायालय व्दारा दिए गए स्थगन के प्रकरणों की समीक्षा भी किया। लंबित विभागीय जांच के प्रकरणों की अनुविभागवार समीक्षा की गई एवं जिन अनुविभाग में प्रकरण का निराकरण समय सीमा में नहीं किया जा रहा है। उनके प्रभारियों को नियमानुसार समय पर निराकरण का निर्देश दिया है। जिन विभागीय जांच में न्यायालय व्दारा स्थगन आदेश जारी किया गया है। उन प्रकरणों से स्थगन हटाने के लिए न्यायालय से नियमानुसार कार्रवाई के लिए निर्देश दिए है। बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, पद्मश्री तंवर आदि मौजूद थे।

### न्यायालय से राहत मिली

**भिलाई।** सोशल मीडिया में महिला की छवि धूमिल करने के मामले न्यायालय दुर्ग ने फैसला दिया है। जिसमें प्रतिवादी लेबर कैम्प भवानी चौक जामुल निवासी सरस बर्मन ने सोशल मीडिया के माध्यम से रश्मि वर्मा के खिलाफ झूठे, भ्रामक एवं अपमानजनक संदेश प्रसारित किया। जिससे उनकी सामाजिक छवि, प्रतिष्ठा धूमिल हुई। न्यायालय ने उपलब्ध दस्तावेजों, पुलिस रिपोर्ट और तथ्यों के आधार पर कहा कि प्रतिवादी का कृत्य प्रथम दृष्टया भारतीय दंड संहिता की धारा 356 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67 के अंतर्गत गंभीर अपराध है। उक्त धाराओं के तहत किसी भी व्यक्ति द्वारा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से आपत्तिजनक, अपमानजनक, झूठी सामग्री प्रसारित करना कानूनन दंडनीय है। इस दौरान रश्मि वर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर महिलाओं और बच्चियों के साथ गलत किया जाता है। अधिकतर महिलाएँ डर या समाजिक दबाव के कारण चुप रह जाती हैं। न्यायालय से राहत मिली है।

## बीएसपी में चौतरफा मार झेल रहे हैं कार्यस्थल दुर्घटना के शिकार हुए कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

बीएसपी मेंकार्यस्थल दुर्घटना के मामलों में इंज्यूरी फार्म भर दिए जाने के बाद डॉक्टर द्वारा दुर्घटनाग्रस्त कर्मियों को अनफिट किए गए अवधि का कर्मी द्वारा अपनी ही छुट्टी भरवाया जा रहा है और प्रबंधन द्वारा कहा जा रहा है कि इंक्वायरी होने के बाद छुट्टी एवं अन्य लाभ वापस हो जायेंगे । जबकि ड्यूटी आते जाते समय सड़क दुर्घटना के मामलों को छोड़कर कार्यस्थल दुर्घटना के

- महाप्रबंधक से मिला सीटू, की गाइड लाइन जारी करने की मांग

लिए इस तरह का कोई गाइडलाइन जारी नहीं हुई है। इस मुद्दे पर आज सीटू ने महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध विभाग के माध्यम से कार्यपालक निदेशक को पत्र देकर मांग की कि कार्यस्थल दुर्घटना में अनफिट किए गए अवधि के लिए दुर्घटनाग्रस्त कर्मी द्वारा स्वयं की छुट्टी नहीं भरवाने सम्बंधित स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किया जाए।

यूनियन ने बताया कि नियमानुसार कार्यस्थल दुर्घटना होने के बाद उस दुर्घटना की जांच करने के लिए टीम गठित किया जाता है जिसे निश्चित अवधि में जांच कर अपना रिपोर्ट प्रस्तुत करना होता है। लेकिन संयंत्र में देखने को मिलता है कि कार्यस्थल दुर्घटना अथवा सड़क दुर्घटना के मामले में कर्मियों के फिट होने के बाद भी जांच प्रक्रिया पूरी करने में एक साल से डेढ़ साल विलंब होने से कर्मी परेशान रहते हैं। कुछ मामलों में तो कर्मी सेवानिवृत्ति तक पहुंच जाते हैं और शारीरिक पीड़ा के साथ मानसिक दबाव में रहते हैं कि कहीं छुट्टियों के अंतिम भुगतान से वंचित ना हो जायें।



### इंसेंटिव पर भी प्रतिकूल असर

सीटू ने प्रबंधन को बताया कि कार्यस्थल दुर्घटना के बाद दुर्घटनाग्रस्त कर्मी द्वारा अपनी छुट्टी भरवाने से उक्त अवधि का इंसेंटिव नहीं मिलता है । इससे उसका वेतन कम हो जाता है । प्रबंधन जांच के बाद उक्त राशि मिलने आश्वस्त करता है लेकिन जांच के बाद इस राशि की गणना किस प्रकार से होगी और वह मिलता भी है या उसमें भी कुछ कटौती हो जाती है । कर्मचारी को यह पता नहीं चल पाता है। वहींखुद की छुट्टियां भरने से अगले साल मिलने वाली छुट्टियां की गणना में भी होती है दिक्कत हो रही है। दुर्घटना के बाद छुट्टियां भरने पर अगले वर्ष मिलने वाली छुट्टियों के लिए कार्य दिवस की गणना में भी इसका असर पड़ता है।

### पहले नहीं थी ऐसी अव्यवस्था

सीटू नेता ने कहा कि पहले दुर्घटना होने के बाद इंजरी फॉर्म भरा जाता था उसके बाद आवश्यक इंक्वायरी की जाती थी । डॉक्टर द्वारा दुर्घटनाग्रस्त कर्मी को अनफिट करके दिए गए सर्टिफिकेट को कार्मिक विभाग में दिया जाता था कार्मिक विभाग उचित कार्यवाही करके विभाग प्रमुख के द्वारा आर्डर जारी करवाती थी। उस ऑर्डर को कार्मिक विभाग टाइम ऑफिस भिजवा देती थी जहां टाइम ऑफिस डब्ल्यू कोड में वर्क इंजूरी लीव भर देती थी और कर्मी को इंज्यूरी अवधि का पूरा वेतन नियमित रूप से खाते में आ जाता था।

## दीपावली त्यौहार को लेकर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दीपावली त्यौहार को लेकर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने में जुटी हुई है। इसे लेकर एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस नियंत्रण कक्ष में जिले के राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में राजपत्रित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में चाक चौबंद पुलिस व्यवस्था बनाएं रखने निर्देश दिया। त्यौहार के दौरान सराफा व प्रमुख बाजारों में अधिक भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिले के सभी सराफा बाजारों में आर्म्स के पुलिस बल लगाया गया है। जिसमें दुर्ग का इंदिरा मार्केट सराफा, भिलाई नगर का सेक्टर 6 ए मार्केट, नेवई का रिसाली मार्केट, सुपेला में आकाश गंगा, छावनी में जवाहर मार्केट, नंदिनी नगर में अहिवारा बाजार बस स्टेण्ड, धमया मार्केट, पाटन मार्केट, पुलगांव में लक्ष्मी मार्केट, पद्मनामपुर में समृद्धि बाजार, मोहन नगर में स्टेशन रोड, पुरानी भिलाई बाजार, कुम्हारी में बाजार चौक शामिल है। बाजारों व भीड़ वाले स्थलों पर राजपत्रित अधिकारियों, थाना चौकी प्रभारियों को पैदल पेट्रोलिंग कर नाकाबंदी प्वाइंट लगाकर वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिए है। बाजारों में भ्रमण के दौरान कारोबारियों से दुकान के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की हिदायत दी गई है। इसके अलावा कैमरा सही से काम कर रहा है कि नहीं लगातार चेक करने को कहा गया है। सराफा बाजारों के अंदर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करने, ट्रैफिक का उल्लंघन करने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी।






## जामुल में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से सिर्फ खेलना ही नहीं बल्कि हमारे क्षेत्र के बच्चों युवाओं में एक प्रकार से शारीरिक, मानसिक ऊर्जा पैदा करना है।

प्रतियोगिता के माध्यम से योग्य एवं क्षमतावान खिलाडियों को आगे ऊंचाई पर ले जाने के लिए मंच देता है। यह खिलाडी उच्च स्तर के प्रतियोगिता में भाग लेने चयनित हो जहां पर खेल भावना के साथ अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने खिलाडियों को प्रोत्साहित किया और संदेश दिया कि सब भविष्य के हिस्सा है। लोगो के प्रयास से ही आप मे से उच्च खिलाडी बनेंगे जो हमारे क्षेत्र प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। सांसद खेल महोत्सव के दुसरे दिन खो-खो कबड्डी 100 मी. एवं 400 मीटर का एथलेटिक्स, गेडी दौड का आयोजन किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी हरिश साहू, पार्षदगण दीपक गुप्ता, खम्हन ठाकुर आयोजन प्रभारी हिम्मत मंडावी, ऋषिकांत शुक्ला समेत शिक्षिका दुलारी ध्रुव, रिखीराम पारकर, छबीलाल साहू, जागेश्वर पठारी, अनिल चैधरी, दिप्ती गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

